# सनातन धर्म पूरे विश्व की रीढ़ : स्वामी प्रज्ञानंद

**कृष्णा लॉन में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बोले महाराजश्री**

**सिवनी नवभारत। सनातन धर्म पूरे विश्व की रीढ़ है और इस धर्म में बड़ी जिम्मेदारी है यह बात लूघरवाडा स्थित कृष्णा लॉन में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में स्वामी प्रज्ञानंद जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म में दया करुणा और ऐसी विचारधारा है कि हम सबको स्वीकार कर शरण दे देते हैं.. सारे धर्मों का हम सम्मान करते हैं लेकिन अब सारे विश्व की संस्कृतियां हमारे देश में हावी होने लगी है ऐसे वक्त और दौर में सनातन धर्म बड़ी जिम्मेदारी बन गई है कि देश ही नहीं पूरे विश्व को बचाना है..उन्होंने सभी सनातनियों को अब एक जुट होने की बात भी कही**




स्वामी प्रज्ञानंद जी महाराज ने हिंदू सम्मेलन में यह भी कहा कि हमारे आचार और विचार शुद्ध होना चाहिए। अगर आचार विचार शुद्ध रहेंगे तो हम ही भगवान बन जाएंगे। लेकिन जब हमारे आचार विचार गलत होंगे तो हम ही दैत्य और असुर बन जायेगे। महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे विश्व को एक साथ जोड़कर रखा है वह हमारा सनातन धर्म है जिसकी पताका पूरे विश्व में लहरा रही है। भारत धर्म की चेतना के चेतना के साथ सारे विश्व की चेतना है। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंची

भगवान व्यापक है और धर्म का रूप है। धर्म से जोड़ते है भगवान की भक्ति से जोड़ते है। विचारों के आधार से महान बनता है। बिखरे फूल नहीं गुलदस्ता बनना। महारानी लक्ष्मी बाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल और ओजस्वी वक्ता आराधना राजपूत ने सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद महिला शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि आज लोग अपनी संस्कृति को भूलने लगे है। लोगों ने अपना भोजन बदल दिया है दो मिनट में बनने वाली पिज्जा बर्गर और ड्रायफूड को अपना लिया है। महिलाएं ओर बच्चियां छोटे छोटे कपड़े पहनकर मर्यादा खो रही है। अपने अहंकार और स्वार्थ के लिए परिवार से बिखर रहे हैं जिससे हमारी ताकत कम होने लगी है। हमें बिखरे फूल नहीं गुलदस्ता बनना है.. सादगी और सौंदर्यता में ही अपनापन है। हमारे लिए हिंदुत्व और देश सर्वोपरि होना चाहिए।

इस हिन्दू सम्मेलन में लूघरवाड़ा, नगझर, भीं झावाडा,सिमरिया,नरेला सहित सिवनी शहर के सनातनी लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के आखिर में मां भारती की आरती की गई।



# अवैध शराब बिक्री पर तत्काल लगे रोक

**ग्राम पौंडी के ग्रामीणों ने थाने में सौंपा ज्ञापन**



**छपारा नवभारत।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पौंडी में अवैध रूप से शराब बिक्री और निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस संबंध में ग्राम पौंडी के समस्त ग्रामीणों ने गत दिवस गुरुवार को पुलिस थाना छपारा पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शासन द्वारा किसी भी प्रकार की शराब दुकान संचालित नहीं की जा रही है, इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा घरों और खेतों में अवैध रूप से शराब बनाई और बेची जा रही है, बताया गया कि गाँव के करीब 10 से 12 घरों के लोग इस अवैध कारोबार में लिप्त हैं, जिससे गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार अवैध शराब के कारण गांव में आए दिन विवाद, झगड़े और मारपीट की घटनाएं हो रही हैं। कई बार स्कूली बच्चों को भी शराब बिक्री वाले स्थानों के आसपास देखा गया है, जिससे किसी गंभीर घटना की आशंका बनी रहती है। शराब की लत के चलते छोटे-छोटे परिवार टूटने की कगार पर पहुंच गए हैं, महिलाओं के साथ मारपीट की घटनाएं भी बढ़ी हैं, साथ ही गांव की शांति भंग हो रही है। पहले भी ग्राम स्तर पर बैठक कर अवैध शराब बंद कराने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बावजूद आज तक शराब की अवैध बिक्री लगातार जारी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम कोटवार, पंचायत,सचिव एवं अन्य माध्यमों से अवैध शराब बनाने और बेचने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## बसंत पंचमी पर गायत्री शक्ति पीठ छपारा के यज्ञ में श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ



छपारा नवभारत। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सिवनी जिले सहित छपारा नगर में भी वसंत पंचमी मनाई गई इसी के चलते नगर के गायत्री शक्ति पीठ में गायत्री परिवार के तत्वावधान में भव्य हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती के पूजन दिवस पर श्रद्धालु भक्तों एवं परिजनों ने सामूहिक रूप से हवन-पूजन कर यज्ञ में आहुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि वसंत पंचमी के दिन पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का आध्यात्मिक जन्मदिन भी रहता है। इसी उपलक्ष्य में हरिद्वार स्थित शांतिकुंज में जन्मशताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के लगभग 80 देशों से लाखों श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं। पूज्य गुरुदेव द्वारा दीप प्रज्वलन के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शांतिकुंज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। छपारा नगर के गायत्री शक्ति पीठ में यज्ञ एवं हवन-पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के साथ ही कार्यक्रम का शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय समापन हुआ।

## शिवपुराण कथा का शुभारंभ, शिव- पार्वती विवाह प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन



**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले के सिवनी नगर स्थित कस्तूरबा वार्ड मंगलीपेट में मालवीय परिवार द्वारा आयोजित शिवपुराण कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया है। इस पावन अवसर पर कथा वाचन का दायित्व सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित श्री गणेश प्रसाद दुबे 'सरल' निभा रहे हैं। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचकर शिवभक्ति में लीन हो रहे हैं।



कथा के चौथे दिन कथावाचक द्वारा शिव-पार्वती विवाह के दिव्य प्रसंग का अत्यंत सारगर्भित और भावनात्मक वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि शिव-पार्वती विवाह सनातन परंपरा का वह पावन प्रसंग है, जो तप और गृहस्थ जीवन के संतुलन का प्रतीक है। यह विवाह वैभव या आडंबर का नहीं, बल्कि समर्पण, स्वीकार्यता और समानता का संदेश देता है।

कथावाचक ने कहा कि भगवान शिव वैराग्य के प्रतीक हैं, वहीं माता पार्वती श्रद्धा, शक्ति और निष्ठा का स्वरूप हैं। दोनों का मिलन सृष्टि के संतुलन का आधार बनता है। शिव की बारात भले ही साधारण रही हो, लेकिन उसका भाव अत्यंत उच्च कोटि का है। यह हमें सिखाता है कि रिश्तों की पवित्रता बाहरी दिखावे से नहीं, बल्कि आपसी समझ, धैर्य और विश्वास से बनती है।

माता पार्वती के कठोर तप का उल्लेख करते हुए पंडित दुबे ने कहा कि सच्ची निष्ठा और अटूट विश्वास से लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है। आज के समय में शिव- पार्वती विवाह का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक है, जो समाज को सादगी, संयम और संस्कारों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

## दिव्य शिक्षा आदर्श समिति गोपालगंज द्वारा मनाया गया नशा मुक्ति अभियान




**सिवनी नवभारत।** ग्रामोदय से अभ्युदय योजना के तहत ग्राम गोपालगंज में दिव्य शिक्षा आदर्श समिति द्वारा एक विशाल नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया।यह रैली स्वामी विवेकानंद जी की 164 वी जन्मजयंती के अवसर 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश पखवाड़ा के तहत मनाया गया।मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के मार्गदर्शन में किया गया। नवांकुर संस्था दिव्य शिक्षा आदर्श समिति द्वारा स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें नशा मुक्ति के नारे लगाते हुवे रैली ग्राम में भ्रमण किया,साथ ही नशा मुक्ति के बैनर एवं तख्ती के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाने का कार्य किया गया। रैली के उपरांत उपस्थित छात्रों एवं नागरिकों के साथ नशा न करने एवं घर एवं समाज में नशा न करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए एक शपथ दिलाई गई।आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच हरिशंकर साहू ने संबोधित करते हुवे कहा कि नशा से परिवार का नाश हो रहा है,अत: हमे ऐसे नसे से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौरसिया ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ हमे बच्चों को नैतिक शिक्षा देने की अत्यंत आवश्यकता है।

### एक नजर में



## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

केवलारी। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संदीपनी विद्यालय केवलारी में आज एक भव्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना था। साथ ही बी एल ओ बब्लू मराठा द्वारा एस आई आर की जानकारी दी गई नवीन मतदाताओं का स्वागत किया गया ।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। हर नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए, जिससे एक मजबूत और जवाबदेह सरकार का गठन हो सके। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी ने निर्भीक, निष्पक्ष और जिम्मेदारी से मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण नागरिकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। शा संदीपनि विद्यालय के प्रचार्य लेखराम बछलिया ने कहा कि मतदान से ही सही नेतृत्व का चयन होता है। यदि हम अपने मत का प्रयोग नहीं करेंगे तो लोकतंत्र कमजोर होगा। हम सब मिलकर जन-जागरूकता अभियानों को जारी रखेंगे।




## बसंत पंचमी भारतीय परंपरा में कर्म सौंदर्य का पर्व

सिवनी। बसंत पंचमी की उत्सव त्रयी एवं नेताजी सुभाष जयन्ती के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों और प्राध्यापकों के व्याख्यान के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने भारतीय संसकृति का महत्व जाना और ज्ञान परंपरा के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस और महाकवि निराला के योगदान से भी परिचित हुए। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग और उपस्थित विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अतंर्गत आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के पूजन, अर्चन और दीप प्रज्जवलन से हुई। कार्यक्रम संयोजक और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्यामसिंह राहंगडाले ने बसंत पंचमी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस भारतीय स्वाधीनता सेनानी के रूप में हमेशा अविस्मरणीय हैं। महाकवि निराला के जीवन दर्शन पर भी उन्होंने अपने विचार रखे।

## क्रिकेट दिग्गजों को फिटनेस का मंत्र देंगे कान्हीवाड़ा के आशीष

**महाराष्ट्र टायकून्स ने बनाया कोच, सिवनी के लाल की बड़ी उपलब्धि**



**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में गौरवान्वित हुआ है। क्षेत्र के होनहार स्पोर्ट्स साइंटिस्ट आशीष बोर्कर को आगामी लीजेंड्स प्रो T20 लीग के लिए महाराष्ट्र टायकून्स टीम का स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच नियुक्त किया गया है। 25 फरवरी से गोवा में आयोजित होने वाली इस हाई-प्रोफाइल लीग में आशीष विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े नामों के फिटनेस और प्रदर्शन की कमान संभालेंगे।

आशीष बोर्कर इस लीग के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के उन धुरंधरों को प्रशिक्षण देंगे, जिनका लोहा पूरी दुनिया मानती है। उनके मार्गदर्शन में मुख्य रूप से क्रिस गेल (वेस्टइंडीज - यूनिवर्स बॉस) डेल स्टेन (दक्षिण अफ्रीका - दिग्गज तेज गेंदबाज) दिनेश कार्तिक (भारतीय फिनिशर) शॉन मार्श (ऑस्ट्रेलिया) स्टुअर्ट बिन्नी (भारत) अपनी फिटनेस सुधारेंगे।

**सानिया मिर्जा के साथ काम का अनुभव**

आशीष की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और उच्च शिक्षा का परिणाम है। वे स्पोर्ट्स साइंस में मास्टर डिग्री धारक हैं और एक प्रमाणित स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग स्पेशलिस्ट हैं। उनकी विशेषज्ञता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे पूर्व में टेनिस सनसनी सानिया मिर्जा जैसी एलीट एथलीट के साथ भी काम कर चुके हैं। वर्तमान में वे हैदराबाद स्थित Vx Performance Pvt. Ltd. में डायरेक्टर और हेड ऑफ परफॉर्मेंस के पद पर कार्यरत हैं।

एक छोटे से कस्बे कान्हीवाड़ा से निकलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मंच तक पहुँचना आशीष की एक असाधारण उपलब्धि है। खेल जगत के जानकारों का मानना है कि आशीष की यह नियुक्ति उच्च प्रदर्शन वाले खेलों के क्षेत्र में उनकी बढ़ती पहचान को प्रमाणित करती है। उनकी इस सफलता पर पूरे सिवनी जिले के खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सनातन के मूल की ओर जाए हिन्दू समाज : अभिलाषा बघेल




**सिवनी नवभारत।** नारायण धाम कोठीघाट में हिन्दु सम्मेलन सम्पन्न अनंत विभूषित काशी धर्मपीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के सानिध्य में संघ शताब्दी बर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिन्दु सम्मेलन में मातृशक्ति वक्ता श्रीमति अभिलाषा रामरंजन सिंह बघेल ने सनातन व हिन्दुत्व पर सारगर्भित वक्तव्य देकर समस्त हिन्दु समाज को अपनी धर्म परंपरा संस्कृति रहन सहन वेशभूषा अपनाकर समाज को सनातन के मूल की ओर जाने का आह्वान किया।

## ब्लॉक स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं का मोबाइल एकेडमी प्रशिक्षण

**ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर संतोष सिंगरहा सम्मानित**



**छपारा नवभारत।** ब्लॉक स्तर पर कार्यरत सभी आशा कार्यकर्ताओं को मोबाइल एकेडमी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत सफलता पूर्वक पूर्ण (उत्तीर्ण) कराने में सक्रिय सहयोग एवं प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करने पर छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर संतोष सिंगरहा को जिला कलेक्टर शीतला पटले द्वारा सम्मानित किया गया। विदित हो कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर शीतला पटले,जिला पंचायत सीईओ अंजली शाह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जसपाल ठाकुर की उपस्थिति में उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यह सम्मान आशा कार्यकर्ताओं की क्षमता संवर्धन एवं डिजिटल प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक जमीनी स्तर तक पहुँचाने में उनके योगदान के लिए दिया गया।

इस उपलब्धि से ब्लॉक के स्वास्थ्य अमले में उत्साह का माहौल है तथा भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में सकारात्मक संदेश है। सम्मान प्राप्त होने के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य क्षेत्र में हर्ष का माहौल रहा। इस अवसर पर छपारा बीएमओ डॉ.टी.एस. इनवाती, डॉ.निशांत वर्मा, नेत्र शाखा के आर. पी.पंचेश्वर सहित सुनील शर्मा,प्रतुल सोनी, रोहित भारद्वाज, दीपक तंतुवाय सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा के साथियों ने संतोष सिंगरहा को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आयोजन** सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों का नृत्य,शैला नृत्य रस्साकसी जैसे विभिन्न आयोजन किए गए

# नप छपारा द्वारा आयोजित दो दिवसीय आनंद उत्सव का समापन

**छपारा नवभारत।** नगर परिषद छपारा द्वारा आनंद उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत 22 और 23 जनवरी को दो दिवसीय आयोजन किए गए हैं जिसमें गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में शासकीय स्नातक महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं ने भाग लिया। वहीं शुक्रवार 23 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों का नृत्य,शैला नृत्य रस्साकसी जैसे विभिन्न आयोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश शासन के आनंद विभाग मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार 14 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य आनंद उत्सव मनाया जाना जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्थानीय स्तर पर प्रचलित परम्परागत खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन निकाय स्तर पर किया जाना था, जिसमें सभी आयु वर्ग के महिला एवं पुरूष एवं इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए है। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत नगर परिषद छपारा द्वारा बैनगंगा नदी तट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर गोल्डन टेंपल परिसर में 22 जनवरी को खेल-कूद में (कब्बड़ी, खो-खो, रस्साकसी, चम्मच दौड़, कुसी दौड़ आयोजित की गई वहीं शुक्रवार 23 जनवरी को दोपहर में लोक संगीत गायन-कीर्तन, सांस्कृतिक नृत्य एवं नाटक का आयोजन किया गया।

साथ ही शुक्रवार को वसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।

कार्यक्रम स्थल पर माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर ज्ञान, विद्या और कला की देवी की आराधना की गई। सरस्वती वंदना के पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें नगर के कलाकारों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला।



**सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य**

नगर परिषद के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आनंद उत्सव का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। वसंत पंचमी जैसे पर्वों से हमारी सांस्कृतिक विरासत सुदृढ़ होती हैं शुक्रवार को संपन्न हुए इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीता बाल्मीकि, परिषद अध्यक्ष निशा पटेल, उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह सहित पार्षद गण नगर के गणमान्य नागरिक, परिषद कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## 25 से शुरू होगा सद्भाव वेटरन वर्ग ऑक्शन क्रिकेट लीग टूर्नामेंट

**सिवनी नवभारत।** सद्भाव ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित सद्भाव ऑक्शन वेटरन वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ आगामी 25 जनवरी से पालिटेक्निक कालेज मैदान किया जाएगा। इस टूर्नामेंट को लेकर शनिवार दोपहर 3 बजे पॉलिटेक्निक ग्राउंड में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें सद्भाव समिति के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की रूपरेखा, नियमों एवं पुरस्कार राशि की विस्तृत जानकारी दी।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि टूर्नामेंट में 13 टीमें भाग ले रहीं हैं जिन्हें अलग-अलग टीम आनरों/मालिकों ने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों को आक्सन टेबिल पर अपनी अपनी बोली लगाकर पाइंट के आधार पर खरीदकर टीमों को तैयार किया है। सभी टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है जहां प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में लीग मैच खेलेगी। दोनों पूल से शीर्ष 2-2 टीमें अगले चरण में प्रवेश करेंगी। पूल की टॉप टीमें आपस में मुकाबला करेंगी। जहां विजेता टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम दूसरे स्थान की टीमों के बीच होने वाले मैच की विजेता से सेमीफाइनल खेलेगी। सेमीफाइनल की विजेता टीम दूसरी फाइनलिस्ट बनेगी।

आयोजकों ने बताया कि सभी मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे। सभी टीमों को शाम 7-15 बजे तक मैदान में पहुंचकर अपनी प्लेइंग-11 की सूची समिति को सौंपना अनिवार्य होगा। टॉस 7-30 बजे कराया जाएगा और मैच तुरंत प्रारंभ होगा। यदि कोई टीम देर से पहुंचती है तो ओवरों में कटौती की जाएगी। नियमों के अनुसार, मैच के चौथे ओवर के समाप्त होने के बाद पांचवें ओवर के शुरू होने से पहले तक मैदान में पहुंचने वाले खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकेगा, उसका नाम प्लेइंग-11 में दर्ज हो।

**एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी**
**आवश्यकता है**
इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन
**संपर्क सूत्र**
9752360935
9424657567